**प्रेषक,**

प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग,
जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर।

**द्वारा,**

माननीय जनपद न्यायाधीश,
मुजफ्फरनगर।

**सेवा में,**

श्रीमान ओ०एस०डी० (कम्प्यूटर्स),
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

**विषय -** माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाईट पर सूचना को अपलोड कराये जाने के संबंध में ।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक आपको अवगत कराना है कि माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के पत्रांक 7659/SFCM Cell, LKO दिनांकित 14.09.2026 के अनुपालन मे परिवार न्यायालय, मुजफ्फरनगर मे तीन परमर्शदाता की नियुक्ति की विज्ञप्ति को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाईट पर अपलोड कराया जाना है। अतः आपसे अनुरोध है कि संलग्न सूचना को माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की वेबसाईट पर अपलोड कराये जाने का कष्ट करे।

सादर ।

**भवदीय,**

**दिनाँक** : 22-09-2026

22/09/26

**(जसीम खान)**
प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग,
जनपद न्यायालय, मुजफ्फरनगर।

कार्यालय जनपद न्यायाधीश, मुजफ्फरनगर

संख्या: 25/comp/2026 दिनांक 22/09/26

अग्रसारित

22/9/26

जनपद न्यायाधीश
मुजफ्फरनगर।

# प्रेस - विज्ञप्ति

माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक संख्या 7659 एस०एफ०सी०एम० सैल, लखनऊ दिनांकित 14-09-2026 के अनुपालन में मुजफ्फरगनर में रिक्त एक पद पर परामर्शदाता की नियुक्ति के संबंध में प्राप्त आवेदन पत्र उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किये जाने है। जिसके संबंध में शासनादेश संख्या 102/VII/न्याय-2-2015-728/86 न्याय अनुभाग-02 अधीनस्थ न्यायालय, लखनऊ दिनांकित-18.06.2015 के द्वारा निम्न अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से संलग्न प्रारूप पर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं-

1. आवेदक समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में स्नातक की डिग्री रखता हो और समाजसेवा का अनुभवी हो। जो आवेदक समाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक हो और पारिवारिक काउन्सिलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता हो उसे वरीयता दी जायेगी।
2. आवेदक की आयु विज्ञापन के दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य हो।
3. परामर्शदाता दाता का कार्यकाल 3 (तीन) वर्ष का होगा।
4. परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेंगे।
5. नियुक्ति परामर्शदाता को शासनादेश के अनुसार नियत रूपये 1000/– (एक हजार) प्रति कार्य दिवस अथवा रूपये 24,000/- प्रति माह जो भी कम हो, का मानदेय देय होगा।
6. आवेदक जनपद मुजफ्फरनगर का निवासी हो। यदि इस तरह का कोई आवेदक नहीं मिलता है तो उस दिशा में दूसरे जिले के लोगों को परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति हेतु विचार किया जाएगा।

जो पुरुष अथवा महिला इस पद पर नियुक्त होने के इच्छुक हो वे अपना आवेदन पत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण पत्रों की छाया प्रति सहित दिनांक 09.10.2026 तक कार्यालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, मुजफ्फरगनर में पंजीकृत डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से प्रेषित कर सकते हैं।

21-9-2026

दिनांक -21-9-26

खलीकुज़्ज़मा
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायलय मुजफ्फरगनर।

प्रधान न्यायाधीश
परिवार
मुजफ्फरनगर (उ०प्र०)

प्रतिलिपि-

1. प्रभारी अधिकारी (नजारत), जनपद न्यायालय मुजफ्फरगनर से को इस आशय से प्रेषित की वह उक्त आदेश की प्रति न्यायालय के नोटिस बोर्ड पर, बार एसोसिएशन, जनपद न्यायालय मुजफ्फरगनर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराना सुनिश्चिक करें।
2. जिला सूचना अधिकारी, मुजफ्फरगनर को स्थानीय समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशन हेतू
3. सिस्टम अधिकारी, कम्पयूटर अधिकारी जनपद न्यायालय, मुजफ्फरगनर से इस आशय से प्रेषित हो की वे उक्त आदेश की प्रतिलिपि को जनपद न्यायालय, मुजफ्फरगनर व माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

21-9-2026

खलीकुज़्ज़मा
प्रधान न्यायाधीश
परिवार न्यायलय मुजफ्फरगनर।

परिवार
मुजफ्फरनगर

# परिवार न्यायालय, मुजफ्फरगनर में परामर्शदाता पद के लिए आवेदन पत्र का प्रारूप।

1. पद का नाम....................................................................................................................
2. अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में)...............................................................................
(अंग्रेजी में)..........................................................................................
3. पिता / पति का नाम (हिन्दी में)..................................................................................
(अंग्रेजी में)..........................................................................................
4. स्थायी आवासीय पता ......................................................................................................
..........................................................................................................................................
5. पत्राचार हेतु पता व मोबाईल नम्बर..............................................................................
..........................................................................................................................................
6. जन्मतिथि.......................................................................................................................
7. विज्ञापन के दिनांक को अभ्यर्थी की आयु........... वर्ष .............माह...........दिन ( जन्मतिथि के लिए) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हाईस्कूल या समकक्ष परीक्षा के प्रमाण-पत्र की प्रामाणित फोटोप्रति संलग्न करें।)
8. शैक्षिक योग्यता उत्तीर्ण परीक्षाओं का उल्लेख करें और प्रमाण पत्रों तथा अंक तालिकाओं की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

**शैक्षिक योग्यता का विवरण-**

| क्रम सं० | परीक्षा/डिग्री | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | वर्ष | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

9. क्या अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक वाद लम्बित है अथवा उसे किसी आपरधिक वाद में दण्डित किया गया है। (यदि हो तो उसका उल्लेख करें।).........................................................................................
..........................................................................................................................................

**नोट**- यह आवेदन पत्र में अंकित किया जाना आवश्यक है।

10. अनुभव यदि कोई है तो...................................................................................................

**घोषणा पत्र**

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि उपर्युक्त विवरण / सूचनाएं सत्य हैं और मेरे द्वारा कोई तथ्य नहीं छिपाया गया है। यदि कोई विवरण सूचना असत्य अथवा गलत पायी जाती है या कोई तथ्य छिपाया जाना पाया जाता है तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाए। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरांत ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी नियुक्ति समाप्त कर दी जाये।

दिनांक

संलग्नकों की संख्या-

**अभ्यर्थी का नाम व हस्ताक्षर**